# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 20.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **केंद्र सरकार ने कहा– घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति, बुकिंग की तुलना में सामान्य, जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ देशभर में कार्रवाई जारी।**
2. **राज्य सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए दो सौ सैंतीस नयी एंबुलेंस खरीदने का लिया निर्णय।**
3. **भाजपा ने ट्रेजरी से अवैध निकासी को चारा घोटाले से बड़ा बताया, कहा– यह आंकड़ा सौ करोड़ से भी अधिक, बच्चों को छात्रवृति और किसानों को धान का पैसा नहीं मिलने का भी लगाया आरोप।**
4. **मौसम विभाग ने आज भीषण गर्मी और लू चलने का जारी किया अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने की दी सलाह।**

   **और**

5. **धनबाद में भारत और नेपाल के खिलाड़ियों के बीच आज से अंडर–19 मूक–बधिर क्रिकेट मैच का आयोजन, भारतीय टीम में छह राज्यों के खिलाड़ी होंगे शामिल।**

**********************

केंद्र सरकार ने कहा है कि घरेलू **एलपीजी** सिलेंडर की आपूर्ति, बुकिंग की तुलना में सामान्य है। इस संबंध में जानकारी दी गयी कि शनिवार को 53 लाख 50 हजार से अधिक सिलेंडर की आपूर्ति की गई। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ देशभर में कार्रवाई जारी है। वहीं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बताया कि भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर **देश गरिमा** सुरक्षित रूप से होर्मुज जल–डमरू–मध्य को पार कर गया है। इसके बुधवार को मुंबई पहुंचने की संभावना है।

**********************

राज्य सरकार ने मरीजों की रेफरल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 237 नयी एंबुलेंस खरीदने का निर्णय लिया है। साथ ही 206 पुरानी एंबुलेंस की मरम्मत कराने का भी निर्णय लिया है। पुरानी सभी एंबुलेंस की मरम्मत के लिए स्वास्थ्य विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुदूर क्षेत्रों खासकर जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं संचालित करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत 70 मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है।

**********************

भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने ट्रेजरी से अवैध निकासी की तुलना चारा घोटाले से की है। रमकंडा पहुंचे विधायक श्री तिवारी ने कहा कि झारखंड में चारा घोटाला से भी बड़ा घोटाला हुआ है। यह आंकड़ा सौ करोड़ से पार हो गया है। राज्य में जिन्हें कोषागार का पूरा हिसाब किताब रखने का जिम्मा है, उन्होंने ही इसमें गड़बड़ी की है।

उन्होंने बच्चों को छात्रवृति का लाभ नहीं मिलने और किसानों को धान का पैसा नहीं मिलने का भी आरोप लगाया। विधायक ने कहा कि भाषा विवाद को लेकर राज्य सरकार ने झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा को उलझा कर रखा है।

**********************

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कल शाम दुमका पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना की। इस दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्होंने बाबा बासुकीनाथ से बिहार और झारखंड की उन्नति, सुख और समृद्धि की कामना की है।

**********************

सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए सभी समुचित प्लेटफार्म पर कार्य कर रही है। साहिबगंज जिले की महिलाएं भी आज विभिन्न क्षेत्रों से जुड़कर देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है।

**********************

झारखंड से हज यात्रियों का पहला जत्था कल कोलकाता से रवाना हुआ। झारखंड हज कमेटी के अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन कोलकाता हज हाउस पहुंचे और हज यात्रियों से मुलाकात कर उनकी तैयारियों, सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

**********************

पाकुड़ जिले के आगंनबाड़ी केन्द्रों में चल रहा पोषण पखवाड़ा बच्चों को पौष्टिक आहार की आदत डालने और उनके शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के विकास में बड़ी भूमिका अदा कर रहा है।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले में दो दिवसीय छऊ महोत्सव–2026 की तैयारी शुरू हो गयी है। इसका आयोजन मई 2026 में अर्जुना स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक शैली को प्राथमिकता दी जाएगी। महोत्सव के दौरान खरसावां शैली की ग्रामीण छऊ प्रतियोगिता के साथ सरायकेला एवं मानभूम छऊ की भी आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी।

**********************

बोकारो जिले के बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी पावर प्लांट में कल सुबह एक मालगाड़ी ने रेलवे गेट पार कर रहे एक वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। गाड़ी के ड्राइवर ने कूद कर अपनी जान बचाई। कोयला खाली कर मालगाड़ी अचानक बेकाबू होकर प्लांट के गेट को तोड़ते हुए बाहर निकल गयी थी।

**********************

सतगावां थाना क्षेत्र स्थित कटैया गांव में हाथियों के हमले में एक युवक की मौत हो गयी। मृत युवक की पहचान कटैया निवासी रोहित कुमार के रूप में की गयी है। ग्रामीण वन विभाग से हाथियों को इलाके से खदेड़ने की गुजारिश कर रहे हैं।

**********************

नागपुरी साहित्य जगत की आधार स्तंभ कही जाने वाली डॉ. कुमारी बासंती का कल निधन हो गया। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ बासंती

अस्वस्थ थीं। उनके निधन पर राज्यपाल संतोष गंगवार, सीएम हेमंत सोरेन समेत शिक्षाविदों ने शोक जताया है।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य में आज भीषण गर्मी ओर लू चलने की चेतावनी जारी की है। इधर स्वास्थ्य विभाग ने गर्मी को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी जिलों के उपायुक्तों को दिशा–निर्देश जारी किया है।

**********************

झारखंड मूक बधिर क्रिकेट संघ की ओर से धनबाद में भारत और नेपाल के खिलाड़ियों के बीच आज से अंडर–19 मूक–बधिर क्रिकेट मैच का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक रवि शेखर ने बताया कि भारतीय टीम में छह राज्यों के खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें झारखंड के दो खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

**इधर,** रांची में चल रही द्वितीय झारखंड स्टेट मिक्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 संपन्न हो गयी। जिसमें राज्यभर से करीब 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने खिलाड़ियों को

**********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने झारखंड में ट्रेजरी घोटाले से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

**प्रभात खबर ने** झारभूमि पोर्टल में छेड़छाड़ कर जमीन की खरीद–बिक्री की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

**हिंदुस्तान** की सुर्खी है– झारखंड में छह जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार।

**दैनिक भास्कर** की हेडलाइन है – सात जिलों में 150 करोड़ तक पहुंची फर्जी निकासी, स्टेट ऑडिट भी जांच के दायरे में।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– दूसरे दौर की वार्ता में इरान ने शामिल होने से किया इनकार।

**********समाप्त***********